
फिजिकल एक्टिविटी को अपनाने पर जोर
INDIA न्यूज़
राजस्थान
जयपुर
'वर्ल्ड नो टोबैको डे' पर जागरूकता कार्यक्रम
BREAKING NEWS


राजस्थान
डी फ्री डिश अब कुछ और नये आकर्षक और रूचिकर कार्य
14:40




# तम्बाकू निषेध दिवस पर किया जागरूक



जयपुर। अजमेर रोड स्थित ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में मनोरोग विभाग की ओर से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आमजन के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अल्का पाल ने लोगों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने व योग तथा अन्य फिजिकल एक्टिविटीज को अपनी दिनचर्या में अपनाने पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश जैन ने ऑडिओ-विजुअल प्रेजेंटेशन से तम्बाकू सेवन की हमारे देश में वर्तमान स्थिति का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे (जीएटीएस) 2016-2017 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 15 वर्ष से अधिक उम्र वाले लगभग 27 करोड़ लोग किसी न किसी रूप मे तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमे पुरुषों में की संख्या 42.2 प्रतिशत और महिलाओं में 14.2 फीसदी है। नेशनल फॅमिली हैल्थ सर्वे 2019-21 के अनुसार हमारे देश में 15 वर्ष से अधिक उम्र की 8.9 प्रतिशत महिलाएं एवं 38 प्रतिशत पुरुष तंबाकू का सेवन करते हैं। उन्होंने तम्बाकू के नशे से कैसे बचा जाए व इसे छोड़ने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। तम्बाकू छोड़ने से होने वाले फायदे के बारे में भी आमजन से चर्चा की गयी। इस अवसर पर चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. आर पी मीणा ने तम्बाकू के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए आमजन से इसके नशे से दूर रहने का आव्हान किया।

दैनिक भास्कर
जयपुर 01-06-2023

### नो टोबैको डे: ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में आयोजन

# देश में 27 करोड़ लोग करते हैं तंबाकू सेवन, 42.2% पुरुष



**जयपुर** | वर्ल्ड नो टोबैको डे पर ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में मनोरोग विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अल्का पाल ने लोगों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने एवं योग तथा अन्य फिजिकल एक्टिविटीज को दिनचर्या में अपनाने पर जोर दिया। डॉ. अखिलेश जैन ने ऑडिओविसुअल प्रेजेंटेशन से तंबाकू सेवन की देश में वर्तमान स्थिति का उल्लेख करते हुए बताया कि ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे (जीएटीएस) 2016-2017 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 15 वर्ष से अधिक उम्र वाले लगभग 27 करोड़ लोग किसी न किसी रूप मे तंबाकू का सेवन करते हैं जिनमें पुरुषों की संख्या 42.2% और महिलाएं 14.2% हैं। नेशनल फेमिली हैल्थ सर्वे 2019-21 के अनुसार हमारे देश में 15 वर्ष से अधिक उम्र की 8.9 प्रतिशत महिलाएं एवं 38 प्रतिशत पुरुष तंबाकू का सेवन करते हैं। डॉ. आर.पी. मीणा ने आमजन से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। डॉ. अशोक सैनी ने सचित्र पेम्फलेट्स के जरिए लोगों के प्रश्नों के जवाब दिए। कार्यक्रम में चिकित्सक, स्टाफ सहित लगभग 300 लोग उपस्थित रहे।